Government of Rajasthan
Information and Public Relations Department

# राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का परिणाम 25 जून को — शिक्षा मंत्री प्रातः 11 बजे करेंगे 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणाम जारी

24 जून 2026, 06:50 PM

जयपुर, 24 जून। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा (मार्च–मई 2026) का परिणाम 25 जून को प्रातः 11 बजे घोषित किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल भवन से परीक्षा परिणाम की घोषणा करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स से संवाद भी करेंगे।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यार्थी निर्धारित माध्यमों से अपना परिणाम देख सकेंगे। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी एवं संबंधित गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे।

---

राजेश/ब्रजेश